# बालाजी का दर प्यारा लगे | By Sanjeev Kumar (Hansi)

आंखों में मेरी बाबा
बस तू ही तू है
सांसों में मेरी बाबा
बस तू ही तू है
जीवन बनाया बाबा
तूने ही मेरा
है तेरी चौखट पे
मेरा बसेरा
जय हो ए जय हो बालाजी
ये नारा लगे
प्यारा लगे रे
मुझे प्यारा लगे
तेरा दर मुझको
न्यारा लगे

ये सजा तेरा दरबार
है तेरे नाम का शोर
मैं बांध घुंघरू आई हूं
और नाचूं बनके मोर
है तेरे नाम का शोर
ये सजा तेरा दरबार
मैं बांध घुंघरू आई हूं
और नाचूं बनके मोर

मेरा साथ दिया रे बालाजी
आशीर्वाद दिया रे बालाजी
हे पवन पुत्र ये विनती सुनो
मारुति नंदन बालाजी
तेरे दीवानों को हे बालाजी
तेरा रंग चढ़े
प्यारा लगे रे
मुझे प्यारा लगे
तेरा दर मुझको
न्यारा लगे

आओ भक्तों मिलकर नाचे
आएंगे हनुमान
मिल-जुलकर गाए सभी
करे बाबा का गुणगान
आओ भक्तों मिलकर नाचे
आएंगे हनुमान
मिल-जुलकर गाए सभी
करे बाबा का गुणगान

सब मिलकर नाचो बालाजी
सब मिलकर गाओ बालाजी
मिलकर के सब भक्तों

जय बालाजी की कह दो
आएंगे आएंगे दौड़े चले आएंगे
बजरंग मेरे
प्यारा लगे रे
मुझे प्यारा लगे
तेरा दर मुझको
न्यारा लगे

मेरे साथ हमेशा बालाजी
मुझे कोई नहीं परवाह
संजय कुमार है दास तेरा
संसार है तेरी राह
मेरे साथ हमेशा बालाजी
मुझे कोई नहीं परवाह
संजय कुमार है दास तेरा
संसार है तेरी राह

मुझे मन्नत दी रे बालाजी
मुझे जन्नत दी रे बालाजी
सांवरिया बाबा दास तेरा
है संकट मोचन बालाजी
बाबा के कीर्तन में
अरजी मेरी भी जरूर लगे
प्यारा लगे रे
मुझे प्यारा लगे
तेरा दर मुझको
न्यारा लगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-by-sanjeev-kumar-hans/